# कार्यवाही विवरण दिनांक 12/12/2024

दिनांक 12/12/2024 को प्रबंध संचालक महोदय की अध्यक्षता में मण्डी बोर्ड मुख्यालय, भोपाल के सभाकक्ष में प्रदेश की ब-वर्ग की 41 कृषि उपज मंडी समितियों में ई-मंडी योजना प्रवृत किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मण्डी बोर्ड मुख्यालय, एन.आई.सी. भोपाल तथा ब-वर्ग के समस्त मंडी सचिव संलग्न परिशिष्ट-1 अनुसार अधिकारीगण/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में श्री मुर्शरफ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक द्वारा मंडी वोर्ड की ई-मंडी योजना का प्रस्तुतिकरण पीपीटी के माध्यम से किया गया। ई-मंडी योजना में गूगल प्लेस्टोर के माध्यम से ई-मंडी ऐप को निशुल्क डाउनलोड कर मंडी समितियों में किसानों के द्वारा स्वयं के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया, जो कि ओटीपी बेस्ड है। किसान को मंडी के प्रवेश द्वार पर अपना स्वयं का नाम, पता, अपनी उपज का विवरण, ग्रेड, अनुमानित वजन की जानकारी को मंडी कर्मचारी द्वारा प्रवेश द्वार पर स्थापित सिस्टम में दर्ज कर प्रवेश पर्ची जारी करने की जानकारी दी गई। ई-मंडी ऐप में कृषक को स्वयं प्रवेश पर्ची जनरेट करने की सुविधा भी दी गई है। ई-मंडी एप की समीक्षा उपरांत निम्नानुसार आवश्यक निर्देश दिये गये:-

1. सभी सचिवों को ई-मंडी योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने के निर्देश प्रबंध संचालक महोदय द्वारा दिए गए।
2. मंडी बोर्ड मुख्यालय तथा आंचलिक कार्यालयों पर स्थापित हेल्प डेस्क से ई-मंडी योजना प्रवृत्त किये जाने के सम्बन्ध में सहयोग मंडियों को दिया जाएगा।
3. ई-मंडी एप पर कृषकों द्वारा स्वयं सेल्फ रजिस्ट्रेशन किये जाने की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए।
4. सभी सचिवों को अपने अंचल की अ-वर्ग की मंडियों में संचालित ई-मंडी योजना को अपने समस्त स्टाफ के साथ भ्रमण कर प्रक्रिया प्रवाह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।
5. ई-मंडी एप पर प्रवेश अनुवंध तौल एवं भुगतान के SMS तथा व्हाट्सएप्प मैसेज किसानों को एप पर रजिस्टर्ड मोवाइल नंबर पर प्राप्त होते है उक्त व्यवस्था का व्यापक रूप से कृषकों के मध्य प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए।
6. प्रवेश द्वार पर डेस्कटॉप कंप्यूटर सिस्टम विथ स्माल थर्मल प्रिंटर इन्टरनेट विथ WIFI सिस्टम। आवश्यकतानुसार डेस्कटॉप की संख्या तथा कर्मचारी की व्यवस्था में वृद्धि किये जाने की कार्यवाही मंडी समिति करेगी।
7. POS मशीन कितनी नीलमी सम्बंधित मंडी प्रांगण में एक साथ होती है, उस अनुपात में POS मशीन विथ सिम एवं WIFI इनेबल्ड की व्यवस्था मंडी समिति करेगी।
8. 03 क्विं. छोटे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे अनुज्ञप्तिधारी तुलावटियों का टाइम ई-मंडी एप्लीकेशन पर रजिस्ट्रेशन तथा एंड्राइड मोवाइल पर ई-मंडी एप पर तौल की फाइनल मात्रा दर्ज करने की ट्रेनिंग तुलावटियों को मंडी प्रशासन को करना है। नीलामी में POS मशीन से जारी अनुबंध की प्रति पर तुलावटी द्वारा फाइनल तौल की मात्रा पूर्व पृष्ठ पर दर्ज कराया जाना है।

Landeep

9. 10 MT to 100MT के बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल कॉँटों पर तौल उपरान्त एंड्राइड मोबाइल से फाइनल तौल की मात्रा को मोबाइल ई-मंडी एप पर दर्ज करने का प्रशिक्षण बड़े तौल कांटे को संचालित करने वाले ओपरेटर को मंडी समितियों को उपलब्ध कराये गए ई-मंडी यूजर मैन्युअल अनुसार मंडी समितियों को करना है।

10. सम्पूर्ण जानकारी (प्रवेश नीलामी तथा तौल) व्यापारी के रजिस्टर्ड आईडी (ई-अनुज्ञा पोर्टल) पर प्रदर्शित होगी। व्यापारी अपने सिस्टम तथा मोबाइल से भुगतान पत्रक जारी करेंगें। व्यापारियों को ई-मंडी योजना का प्रशिक्षण यथा यूजर मैन्युअल अनुसार प्रशिक्षित करना है। उक्त कार्य मंडी समिति अपने क्षेत्रान्तर्गत करेगी।

11. किसानों के मंडी में प्रवेश से लेकर उनके निकासी तक की कार्यवाही को मंडी समितियां हैण्डऑन प्रैक्टिस करेंगीं तथा आवश्यक हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेर की व्यवस्था स्टोर परचेस रूल अनुसार करेंगीं। पन्द्रह दिन के व्यवहारिक परिचालन (अभ्यास) के उपरान्त दिनांक 01/01/2025 से उक्त योजना का प्रसार शत-प्रतिशत मंडी समितियां अपने मंडी प्रांगण में करेंगीं।

12. मंडी के निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक तथा उपलब्ध लिपिकीय अमले का उपयोग ई-मंडी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु करने के निर्देश दिए गए। ई-मंडी तथा ई-अनुज्ञा योजना प्रवृत्त होने के परिणामस्वरूप मंडियों में अनेक प्रकार के मेन्यूअल कार्य, प्ररूप, पंजियों के संधारण मे कमी आएगी। अतः कार्यालयीन कार्य में कार्यरत अमले का उपयोग भी ई-मंडी योजना में किये जाने के निर्देश दिए गए।

13. आंचलिक अधिकारी अपने अंचल की ब-वर्ग की 41 मंडी समितियों में ई-मंडी योजना समय सीमा में लागू करने का सतत पर्यवेक्षण करेंगें तथा योजना को दिनांक 01/01/2025 से अपने अंचल की ब-वर्ग मंडियों में शत-प्रतिशत लागू करायेंगें।

14. उपस्थित सभी मंडी सचिवों तथा उनके साथ आये ई-मंडी कार्य में लगे व चिन्हांकित कर्मचारियों को ई-मंडी योजना का व्यवहारिक प्रशिक्षण श्री मुशर्रफ़ सुल्तान, श्री संदीप चौबे तथा श्री योगेश नागले द्वारा दिया गया। साथ ही ई-मंडी योजना के संचालन के यूजर आईडी तथा पासवर्ड मंडी सचिवों को उपलब्ध किए गए।

बैठक के अंत में प्रबंध संचालक द्वारा समय सीमा में निर्देशित कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश देते हुये बैठक समाप्त की गयी।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

Sandeep
19/12/2024
(संदीप कुमार चौबे)
चीफ प्रोग्रामर
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2024-25/451 भोपाल,दिनांक 19/12/2024

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. निज सहायक प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. अपर संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
3. संयुक्त संचालक/उपसंचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय (समस्त)।
4. श्री मुशर्रफ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. भोपाल।
5. संयुक्त संचालक/सहायक संचालक (नियमन) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
6. चीफ प्रोग्रामर/प्रोग्रामर म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
7. सचिव कृषि उपज मंडी समिति (समस्त 'अ' तथा 'ब'-वर्ग)।

Sandeep
19/12/2024
चीफ प्रोग्रामर
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

परिशिष्ट-1

| क्र. | अधिकारी/प्रतिनिधि | पदनाम | कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा | अपर संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 2. | श्री मुशर्रफ सुल्तान | वरिष्ठ तकनीकी निदेशक | एन.आई.सी. भोपाल |
| 3. | श्री संदीप कुमार चौबे | चीफ प्रोग्रामर | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 4. | श्री योगेश नागले | सहायक संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 5. | श्री मो. जाहिद | एप डेवलपर | एन.आई.सी. भोपाल |
| 6. | श्री सौरभ रंजन | एप डेवलपर | एन.आई.सी. भोपाल |
| 7. | श्री नीलेश कुमार पंथी | स.उ.नि. | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 8. | श्री प्रताप सिंह राजपूत | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. बैरसिया |
| 9. | श्री विलियम जार्ज | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. भैरुंदा |
| 10 | श्रीमती अर्चना ठाकुर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. औबेदुल्लागंज |
| 11 | श्री अभयपाल बिलोदिया | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. रायसेन |
| 12 | श्री रामदीन इमने | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. सिरोंज |
| 13 | श्री देवेन्द्र सिंह मीना | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. ब्यावरा |
| 14 | श्री लक्ष्मीनारायण भिलाला | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. पचौर |
| 15 | श्री अम्बालाल भिलाला | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. नरसिंहगढ़ |
| 16 | श्री हरीप्रसाद वर्मा | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. कुरावर |
| 17 | श्री रमेश धुर्वे | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. खिरकिया |
| 18 | श्री अरविन्द परिहार | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. नर्मदापुरम |
| 19 | श्री रमेशचंद्र सारदिया | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. सांवेर |
| 20 | श्री विक्रम सिंह चौहान | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. महू |
| 21 | श्री राधेश्याम सिर्वी | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. मनावर |
| 22 | श्री हिम्मत सिंह जमरा | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. कुक्षी |
| 23 | श्री मोहन सिंह चौहान | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. धामनोद |
| 24 | श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. सनावद |
| 25 | श्रीमती रचना टिकेकर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. भीकनगांव |
| 26 | श्री हरेन्द्र सिंह सिकरवार | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. बुरहानपुर |
| 27 | श्री आश्विन सिन्हा | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. महिदपुर |
| 28 | श्री मानसिंह यादव | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. तराना |
| 29 | श्री पर्वत सिंह सिसौदिया | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. पिपल्या |
| 30 | श्री रस्सू वसुनिया | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. सैलाना |
| 31 | श्री भगवान सिंह परिहार | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. शाजापुर |
| 32 | श्री रामनिवास शर्मा | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. दतिया |
| 33 | श्री मनोज शर्मा | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. कुम्भराज |
| 34 | श्री महेंद्र मीणा | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. मुंगावली |
| 35 | श्री रियाज़ खान | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. कोलारस |
| 36 | श्री शिवदयाल गुप्ता | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. श्योपुरकलाँ |
| 37 | श्री कमलेश सोनकर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. बीना |

4 Sandeep
19/12/2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 38 | श्री कमलेश सोनकर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. खुरई |
| 39 | श्री संतोष नागर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. हरपालपुर |
| 40 | श्री घनश्यामदास कुम्हार | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. निवाड़ी |
| 41 | श्री संजय सिंह ठाकुर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. शहपुरा "भिटोनी" |
| 42 | श्री हरिदास इरपाची | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. सौंसर |
| 43 | श्री ओमप्रकाश इवने | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. गाडरवाड़ा |
| 44 | श्री अरविन्दकान्त मुदगल | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. करेली |
| 45 | श्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. नरसिंहपुर |
| 46 | श्री उत्तम प्रसाद नादौनिया | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. गोटेगांव |
| 47 | श्री प्रकाश चंद मार्को | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. सिवनी |
| 48 | श्री हरिवंश मिश्रा | मंडी सचिव | कृ.उ.म.स. नागोद |

Sandeep
19/12/2024
चीफ प्रोग्रामर
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल